www.wagadsandesh.com

Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-167 सागवाड़ा, शनिवार, 19 फरवरी, 2022 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## शहर के पेराफेरी क्षेत्र में बदलाव को लेकर सरकार को भेजा जाएगा प्रस्ताव

### नगर पालिका की साधारण सभा की बैठक में 65 करोड़ 11 लाख का बजट पारित





**सागवाड़ा।** नगर पालिका सागवाड़ा की साधारण सभा की बैठक पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में नगर पालिका स्व्रह्य वित्त वर्ष 2022-23 के बजट 65 करोड़ 11 लाख का अनुमोदन किया गया। शहरी क्षेत्र के आसपास के ग्रामीणों की शिकायतों को देखते हुए पेराफेरी क्षेत्र में बदलाव का प्रस्ताव पारित कर सरकार को भेजने का निर्णय लिया। पालिकाध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने बताया कि शहरी क्षेत्र के आसपास के गांवों के लोगों को आबादी विस्तार और निर्माण स्वीकृति में समस्या आ रही थी।

इसे देखते हुए पेराफेरी क्षेत्र में बदलाव का प्रस्ताव सरकार को भेजने का निर्णय लिया है। वही नेता प्रतिपक्ष हरीश सोमपुरा, पार्षद मनोज कंसारा, संजय जैन ने वार्डो में होने वाले विकास कार्यो की गुणवत्ता के लिए निगरानी रखने की बात रखी। पार्षद अनिल सुथार ने शहर में जिम लगवाने और खेल मैदान का विकास करने की बात कही जिस पर पालिकाध्यक्ष ने कहा कि कई विकास कार्यो के कार्यादेश दे दिए है और कुछ कार्य प्रस्तावित है। बैठक में पालिका उपाध्यक्ष राजुमामा, ईओ मुकेश कुमार मोहिल, जेईएन लोकेश पाटीदार, नेता प्रतिपक्ष हरिश्चंद्र सोमपुरा सहित पार्षद और कर्मचारी मौजूद थे।

### तालाबों के सौंदर्यीकरण को मिली मंजूरी

पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने बताया कि आरयूआईडीपी के तहत जल्द ही शहर के तालाबों का सौंदर्यीकरण होगा। इसके तहत शहर में 110 करोड़ रुपये खर्च होंगे। ऐशियन डवलपमेंट बैंक के अधिकारियों के साथ गत दिनों ही बैठक हुई थी। शहर के गमलेश्वर, लोहारिया और मसाणिया तालाबों के सुदृढ़ीकरण को लेकर अधिकारियों ने रुचि दिखाई है।

### निर्माण कार्य की पार्षद रखे निगरानी

पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने पार्षदों से कहा कि शहर में हो रहे विकास कार्यों पर पार्षद निगरानी रखे। शहर में करोड़ों रुपये के काम चल रहे है। कार्य के गुणवत्ता की जिम्मेदारी पालिका के अधिकारीयों के साथ पार्षदों की भी है। अगर कही काम गलत हो रहा हो तो अधिकारियों को इसकी सुचना दे।

### विकास कार्यों का अनुमोदन

नगर पालिका की बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-2023 के लिए 65.11करोड़ रुपये की प्रस्तावित आय का मूल बजट प्रस्तुत किया गया। जिसको सर्वसम्मति से पास किया गया। वित्तीय वर्ष 2022-2023 में विभिन्न स्त्रोतों से प्रस्तावित आय 35.72 करोड़ रुपये में पिछले बजट से अवशेष राशि को जोड़ 65.11 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। वही वर्ष 2021-22 में कराये विकास कार्यो की अनुमोदना की गई ।

### 50 लाख में नाली निर्माण होगा

पार्षदों की मांग के अनुरूप सभी वार्डों में करीब 50 लाख रुपये का नाली निर्माण किया जाएगा। जहां जहां नाली का क्रोसिंग है उन्हें भी सुधारा जाएगा। वार्डों में नाली निर्माण का कार्य भी पार्षदों की अनुशंसा पर किया जाएगा।

* शिशु अंतिम संस्कार के लिए भूमि आवंटित- पालिका अध्यक्ष खोडनिया ने बताया कि शहर में मृत शिशुओ के अंतिम संस्कार के लिए 4 बीघा भूमि का आवंटन किया गया।

* जनसहभागिता योजना के तहत शहर में 3 करोड़ रुपये के काम होंगे जिसमें शहर के सभी मोक्षधाम का विकास होगा

* प्राईवेट बस स्टैंड के पीछे भूखंडों की निलामी की योजना है जिससे पालिका को करीब 10 करोड़ रुपये की आय होगी।

* न्यायालय के आदेश पर कर्मचारी रोशन व्यास और जिनेन्द्र जैन के स्थाईकरण को लेकर प्रस्ताव पारित किया।

### सुसाइड से पहले बनाया वीडियो, युवक बोला -

## नशेड़ी बोलते हैं, मैं मर जाऊं तो बीवी और ससुराल वालों को जेल भेजना



**डूंगरपुर।** रणसागर तालाब से शुक्रवार आधी रात डेढ़ बजे एक पोस्टमैन का शव निकाला गया। उसकी बाइक, कपड़े और मोबाइल तालाब की पाल पर ही पड़े थे। युवक ने मरने से पहले एक वीडियो भी बनाया, जिसमें मौत के लिए उसने अपनी पत्नी, सास-ससुर और बड़े साले की पत्नी को जिम्मेदार ठहराया है। नेजपुर गांव निवासी भरत यादव (28) कोलखंडा में संविदा पर पोस्टमैन था। शुक्रवार सुबह 9 बजे भरत पोस्ट ऑफिस जाने की बात कहकर निकला था। शाम 4 बजे तक घर नहीं लौटा। इस दौरान कुछ लोगों ने भरत की स्कूटी रणसागर तालाब के पास पड़ी होने की जानकारी दी। रात करीब 11 बजे लेक्चरर पिता शंकर यादव, भाई प्रवीण समेत परिवार के लोग रणसागर पहुंचे। तालाब के किनारे भरत का मोबाइल, जैकेट व कपड़े भी पड़े थे। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सदर थाने से एएसआई नरेंद्र सिंह मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। गोताखोर ललित श्रीमाल, कमलेश कटारा ने तालाब में शव की खोजबीन शुरू की। 2 गोताखोर लगाए गए। रात करीब डेढ़ बजे तालाब में शव मिला। शव को डूंगरपुर हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखवाया।

## डीएसटी ने नाकाबंदी में पकड़ी भैसों से भरी 2 पिकअप

### जयपुर कत्लखाने में जा रही 8 भैंसो को करवाया मुक्त, दो चालक गिरफ्तार

**डूंगरपुर।** जिले की पुलिस की स्पेशल टीम ने पुंजपुर-आसपूर मार्ग पर नाकेबंदी के दौरान भैसों से भरी 2 पिकअप जब्त की है। वही दो चालको को गिरफ्तार किया है। भैंसों को जयपुर कत्लखाने में ले जाया जा रहा था।

जिले की पुलिस की स्पेशल टीम के प्रभारी दिलीपदान चारण ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी की ओर से अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत आज मुखबिर के जरिये आसपुर थाना क्षेत्र में मवेशियों के तस्करी की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर पुलिस की स्पेशल टीम के हेड कांस्टेबल नवीन कुमार, महावीर, मुकेश, राजगोपाल, यशपालसिंह, चालक पंकज की टीम ने आसपुर-पुंजपुर रोड पर पहुंचे और मौके पर नाकाबंदी शुरू कर दी। नाकेबंदी के दौरान कुछ देर बाद मुखबीर के बताएं अनुसार 2 पिकअप आते हुए नजर आई। पिकअप को रोककर चालको से पूछा तो भैंसे भरी होना बताया। दोनों पिकअप की तलाशी में 8 भैसों को ठूंस-ठूंस कर भरा था। इस पर पुलिस की स्पेशल ने चालको से भैसों के परिवहन संबंधी दस्तावेज मांगे । लेकिन चालको के पास भैसों के परिवहन संबंधी कोई दस्तावेज नही थे। जिस पर पुलिस की स्पेशल टीम ने दोनों पिकअप के साथ भैसों को जब्त कर आसपुर थाना पुलिस के हवाले किया। इसके बाद पुलिस ने पिकअप में भरी 8 भैसों को मुक्त करवाया और भैसों के लिए चारे-पानी का इंतजाम किया। वहीं चालक विजेश पुत्र मदन बंजारा निवासी रामा आसपुर व रोशन पुत्र बाबू बंजारा को गिरफ्तार किया है। इधर पुलिस पूछताछ में दोनो चालको ने बताया कि भैसों को जयपुर कत्लखाने ले जा रहे है। पुलिस ने पशुक्रूरता में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## फिक्की फ्लो में अवनी का सम्मान

**जयपुर।** टोक्यो पैरालिंपिक खेलों में देश का परचम लहराने वाली अवनी लेखरा इंस्पिरेशन बन चुकी हैं। पद्मश्री से नवाजी जा चुकी अवनी लेखरा को अब वसुंधरा राजे ने भी सम्मानित किया है। दरअसल, शुक्रवार को दिल्ली में हुई फिक्की मीट में अवनी को 2022 के स्पोर्टस एक्सिलेंस के लिए फिक्की फ्लो अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। अवनी ने अपने ट्विटर अकाउंट पर इस इवेंट की पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है, थैंक यू फिक्की इंडिया मुझे फिक्की फ्लो के स्पोर्ट्स एक्सिलेंस 2022 के अवॉर्ड से सम्मानित करने के लिए।

मुझे पूरा विश्वास है कि वुमेन का एम्पावरमेंट ही इंडिया को अधिक प्रगतिशील राह की ओर ले जाएगा।

## कुंआ पुलिस थाने में हुई वात्सल्य वार्ता

**सीमलवाड़ा।** कुंआ पुलिस थाने में शनिवार को वात्सल्य वार्ता का आयोजन किया गया। थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान ने बताया कि स्थानीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुंआ और गलालपुरा स्कूल की बालिकाओं ने थाना परिसर का भ्रमण किया।

एसपी सुधीर जोशी के निर्देशानुसार आयोजित वात्सल्य कार्यक्रम में बालिकाओं से संवाद किया गया वही वात्सल्य वार्ता के दौरान बच्चियों को कानूनी जानकारी, महिला सशक्तिकरण, बाल कानून,यातायात नियमों, सुरक्षित - असुरक्षित स्पर्श, पोस्को एक्ट, नशावृत्ति की रोकथाम, बाल श्रम के दुष्प्रभाव, बाल विवाह के दुष्प्रभाव तथा साइबर सुरक्षा समेत के बारे में जानकारी दी गई। थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान ने बताया कि पुलिस का कार्य कानून की पालना कराना एवं दोषियों को सजा दिलाने का काम है। बालिकाओं को जानकारी देकर बताया कि मोबाइल से दुष्प्रभाव बढ़ रहे हैं ऐसे में मोबाइल का उपयोग शिक्षण कार्य के हित में करना चाहिए।



## पुराना बस स्टैंड पर मिला बुजर्ग का शव, 2 माह से नहीं गया था घर, पुलिस कर रही मामले की जांच

**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थानान्तर्गत शहर के पुराना बस स्टेंड के पीछे एक बुजुर्ग का शव मिलने पर सनसनी फ़ैल गई। पुलिस ने बुजुर्ग की पहचान केसरपुरा पाल वस्सी निवासी के रूप में की है। मृतक पिछले 2 माह से अपने घर नहीं गया था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया है पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

कोतवाली थाना एसआई रामस्वरूप ने बताया कि कल शुक्रवार शाम के समय पुराना बस स्टैंड के पीछे एक व्यक्ति का शव लावारिस हालात में मिला था। सुचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। बुजुर्ग के कपड़े फटे-पुराने थे और उसकी पहचान नहीं हो सकी थी। जिस पर पुलिस ने शव को मौके से उठवाकर शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया था। वही पुलिस की ओर से मृतक का फोटो दिखाकर उसकी पहचान कर प्रयास किये जा रहे थे। इधर आज शनिवार सुबह शिनाख्ती के प्रयास के दौरान केसरपुरा पाल वस्सी निवासी सुरेश बरंडा ने शव की पहचान अपने पिता गटू बरंडा (61) के रूप में की। जिस पर मृतक के परिजन व पुलिस डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में पहुंचे। जिला अस्पताल की मोर्चरी पर मृतक के बेटे सुरेश ने बताया कि उसके पिता डूंगरपुर शहर में ही मजदूरी का काम करते थे। 2 महीने से वह घर नहीं आए थे। डूंगरपुर में ही जहां-तहा रहकर गुजारा करते थे। वहीं पिता की मौत बीमारी से होने से बात कहीं जा रही है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। एसआई रामस्वरूप ने बताया कि बेटे सुरेश की रिपोर्ट पर केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी हैं।

## सड़क दुर्घटनाओं में जा रही युवाओं की जान, यह चिंता का विषय - राजकुमार

### चौरासी विधायक राजकुमार रोत ने झोथरी ब्लॉक के जनप्रतिनिधि व कार्यकताओं की बैठक ली



**सीमलवाड़ा।** चौरासी विधायक राजकुमार रोत ने शनिवार को अपने निवास पर झोथरी ब्लॉक के जनप्रतिनिधि व कार्यकताओं की बैठक ली। जिसमें विधायक राजकुमार रोत ने बताया कि ब्लॉक की 32 पंचायतो की समस्त जनप्रतिनिधि, ब्लॉक कार्यकारिणी, मण्डल कार्यकारिणी इस बैठक में शामिल रहे। बैठक में ब्लॉक की समस्याओं के बारे में चर्चा हुई और समस्त योजनाओं के बारे में विकास कार्यो, विभागीय कार्मिकों को लेकर चर्चा, आने वाले चुनाव को लेकर रणनीति के बारे में चर्चा हुई।

विधायक राजकुमार ने कहा कि चौरासी क्षेत्र में 70 साल में जो काम नहीं हुए वो काम कराए।आने वाले समय और बहुत बढ़िया काम कराएंगे। विधायक राजकुमार ने कहा कि वर्तमान में सड़क दुर्घटनाओं में युवाओं की जाने ज्यादा जा रही है। उस पर मंथन कर उसको कैसे रोका जाए उस चर्चा होनी चाहिए। समाज में कुरीतियों को दूर करने की भी जरूरत बताई। प्रदेश संयोजक पोपट खोखरिया, ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद रोत, उपाध्यक्ष भरत डेंडोर, मंडल अध्यक्ष बालु खाट, कमलेश खराडी, पंचायत समिति सदस्य गोपाल मनात, पुष्पा मूकेस आमलिया, कमला सुरेश रोत, तुलसीराम हडात,पूर्व अध्यक्ष रामेश्वर बापूलाल डामोर, राजेश मनात, प्रवीण आमलिया, कानजी रंगोत, चन्दु ननोमा, जिवराम हडात, जयन्ति लाल कटारा, संदीप अहारी, बसंत ड़ामोर, काना महाराज, रामचंद्र रंगोत , मिडिया प्रभारी भीखालाल रोत, लस्मण रोत, विजयपाल हडात, नरेंद्र रोत, हरीश खराड़ी,विनोद परमार, जितेंद्र आमलिया, हितेश ननोमा, प्रकाश कोटेड, रामलाल खराडी मौजूद थे।

## भामाशाह के सहयोग से गो गृह का निर्माण होगा, तहसीलदार ने एक वाटर कूलर देने की घोषणा

### गो गृह निर्माण को लेकर चर्चा, सदस्यों ने दिये सुझाव

सागवाड़ा। उत्तम गोपाल कृष्ण गौशाला के स्थाई सदस्य नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया, तहसीलदार मयूर शर्मा, गौशाला के अध्यक्ष ललित पंचाल , संयोजक मुकेश भोई, भरत भट्ट , नगरपालिका सहायक अभियंता लोकेश पाटीदार ने गौशाला का दौरा किया। नगर पालिका द्वारा हाल ही में गो गृह का शिलान्यास किया गया था, उसके निर्माण संबंधी विस्तृत चर्चा की गई तथा गोशाला के प्रस्तावित योजना के अनुसार उपस्थित सदस्यों ने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए । गो ग्रास के भंडारण के लिए एक भण्डार गृह बनाने की आवश्यकता को देखते हुए भंडार गृह बनाने का निर्णय लिया गया । जिससे आने वाले समय में चारे का भंडारण किया जा सके । गौशाला में अन्य आवश्यकताओं पर भी गो भक्तों की मौजूदगी में चर्चा की गई इस दौरान नीरज शर्मा और मोहन पंचाल भी उपस्थित थे। पूर्व में भामाशाह मुकेश तेली द्वारा 1500 वर्ग फ़ीट के गौ गृह की घोषणा की गई थी। मुकेश तेली से अध्यक्ष ललित पंचाल वह संयोजक मुकेश भाई द्वारा व्यक्तिगत संपर्क कर शीघ्र निर्माण का निवेदन किया। जिसे भामाशाह मुकेश तेली ने स्वीकार कर 2 दिन में कार्य आरंभ करने का आश्वासन दिया। साथ ही तहसीलदार मयूर शर्मा ने गोशाला में एक वाटर कूलर देने की घोषणा की।

## कोरोना से 24 घंटे में 9 मौत

**जयपुर।** राजस्थान में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 1075 नए केस मिले हैं। वहीं, 9 की मौत हो गई। राज्य में आज 6 जिलों में केस की संख्या 10 से भी कम है। 33 हजार 707 लोगों के सैंपल की जांच की गई और टेस्ट पॉजीटिविटी रेट 3.19 फीसदी रही। आज सबसे ज्यादा 333 केस जयपुर जिले में मिले, जबकि 752 मरीज रिकवर भी हुऐ। मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट की रिपोर्ट के मुताबिक जोधपुर में 89, अजमेर 57, राजसमंद 49, बांसवाड़ा 44, उदयपुर 42 और गंगानगर में 41 केस मिले हैं। वहीं, डेथ की जिलेवार स्थिति देखें तो जयपुर में 3 और जोधपुर, अजमेर, राजसमंद, गंगानगर, नागौर, टोंक में एक-एक मरीज की मौत हुई। पूरे राज्य में आज 2299 मरीज रिकवर हुए, जिसके बाद प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या कम होकर 10 हजार 967 रह गई ।राज्य में अब तक की स्थिति देखे तो कोरोना से 12 लाख 73,788 लोग संक्रमित हो चुके है, जिसमें से 9516 मरीजों की मौत हो चुकी है। वहीं 12 लाख 53,305 मरीज रिकवर हो चुके है।

## राज्य सरकार एससी, एसटी एवं कमजोर तबकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों, आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों सहित सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि दलित, पिछड़े एवं समाज के कमजोर वर्गों के हित में पिछले तीन वर्षों में कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की गई हैं। गहलोत शनिवार को योजना भवन में राजस्थान अनुसूचित जाति आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष खिलाड़ी लाल बैरवा एवं उपाध्यक्ष सचिन सर्वटे के कार्यग्रहण के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दोनों को बधाई देते हुए कहा कि राजस्थान अनुसूचित जाति आयोग द्वारा दी गई सलाह से राज्य सरकार अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण की दिशा में और बेहतर निर्णय ले सकेगी। उन्होंने आगामी बजट में एससी वर्ग के कल्याण के सम्बन्ध में आयोग से सुझाव भी आमंत्रित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी में भी छुआछूत एवं भेदभाव की घटनाएं सामने आना दुर्भाग्यपूर्ण है।




दलितों पर अत्याचार एवं छुआछूत मानवता पर कलंक है। ऐसे में, हम सभी की जिम्मेदारी है कि शिक्षा को बढ़ावा दें और आमजन में इसके बारे में जागरूकता पैदा करें।

गहलोत ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की रहनुमाई में हमें आजादी मिली। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने देश का संविधान बनाया, जिसमें सभी को साथ लेकर चलने की मूल भावना निहित है। संविधान की इसी भावना के आधार पर गरीब, पिछड़े एवं कमजोर लोगों की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है।

उन्होंने कहा कि आज जरूरत देश में ऐसा माहौल बनाने की है जहां सभी धर्म, जाति एवं वर्गों के लोग मिलकर रहें।